सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 26 अक्टूबर, 2023

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का राजभवन देहरादून पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने स्वागत किया। उपराष्ट्रपति के राजभवन आगमन पर उनके सम्मान में राजकीय भोज और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग के कलाकारों ने देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। आइटीबीपी के कलाकारों ने भी अपने गायन और बांसुरी वादन की सुंदर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना और बोनसाई गार्डन, नक्षत्र वाटिका का भ्रमण किया।

इस अवसर पर डॉ.सुदेश धनखड़, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधू, डीजीपी अशोक कुमार, रियर एडमिरल लोचन सिंह पठानिया, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

............0...........